चीज़ें जिस तरह से चल रही हैं, उससे मैं खुश हूँ। हमारी बैटिंग और बॉलिंग जिस तरह से हो रही है, उससे भी खुश हूँ। अच्छी गेंदों का महत्व था। अगर आप गेंद को स्पिन करा रहे थे, तो उसका फ़ायदा मिल रहा था। – हरमनप्रीत कौर

भारतीय महिला कप्तान, अपनी टीम की प्रशंसा करते हुए।

खेल जगत

आज का खिलाड़ी — मोहम्मद सिराज

भारतीय तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज ने स्वीकार किया कि दो महीने के विश्राम के बाद उन्हें श्रीलंका दौरे में अपनी गति और लय हासिल करने के लिए संघर्ष करना पड़ा था लेकिन दलीप ट्रॉफी में लंबे स्पेल करने से उन्हें अपनी लय हासिल करने में मदद मिली है। सिराज श्रीलंका के खिलाफ दो टेस्ट मैच की श्रृंखला के दौरान अपनी पुरानी फॉर्म में नहीं दिखे। वह लय हासिल नहीं कर पा रहे थे और उनकी गति भी काफी कम हो गई थी। सिराज ने कहा, "लेकिन मेरे लिए यह जुनून पर निर्भर करता है। जब आप अपने देश का प्रतिनिधित्व कर रहे होते हैं तो आप बहाने नहीं बना सकते।

क्या आप जानते हैं ?... साल 1951 के पहले एशियन गेम्स नई दिल्ली में हुए थे, जहाँ भारत ने 51 पदक जीतकर दूसरा स्थान पाया था।

मलेशिया को 3-1 से हराकर लगातार चौथी बार फाइनल में पहुंचा भारत

जूनियर पुरुष एशिया कप

मोक्वी, चीन, 11 सितंबर। गत चैंपियन भारत ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मलेशिया को 3-1 से हराकर एएचएफ जूनियर पुरुष एशिया कप 2026 के फाइनल में प्रवेश कर लिया। भारत अब लगातार चौथी बार खिताब जीतने से सिर्फ एक जीत दूर है। भारत की जीत में कप्तान और ड्रैग फ्लिकर अनमोल एक्का ने अहम भूमिका निभाई। उन्होंने पेनल्टी कॉर्नर पर दो गोल किए और टूर्नामेंट में अपने गोलों की संख्या 16 तक पहुंचा दी। अनमोल फिलहाल टूर्नामेंट के शीर्ष स्कोरर हैं।

गोलकीपर विवेक लाकड़ा भी भारत की जीत के नायक रहे। उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। उन्होंने कई शानदार बचाव किए और 53वें मिनट में मलेशिया को मिले पेनल्टी स्ट्रोक को भी बेहतरीन अंदाज में रोककर भारत की बढ़त कायम रखी। भारत ने शुरुआत से ही आक्रामक रुख अपनाया। अजीत यादव ने शुरुआती दो मिनट में दो बार गोल करने के मौके बनाए। भारत को पहले क्वार्टर में तीन पेनल्टी कॉर्नर मिले, लेकिन मलेशियाई गोलकीपर अम्स्यार मोहामद आदिब ने शानदार बचाव करते हुए टीम को संकट से बाहर रखा। पहला क्वार्टर गोलरहित रहा। भारत ने 16वें मिनट में मिले चौथे पेनल्टी कॉर्नर पर खाता खोला। कप्तान अनमोल एक्का ने जोरदार और नीची ड्रैग फ्लिक लगाकर गेंद को गोल में पहुंचाया और भारत को 1-0 की बढ़त दिलाई। मलेशिया ने बराबरी की कोशिश की, लेकिन विवेक लाकड़ा और भारतीय रक्षापंक्ति ने लगातार उसके हमलों को नाकाम किया। तीसरे क्वार्टर में लाकड़ा ने शानदार डबल सेव किया। इस दौरान भारत को दो बार 10 खिलाड़ियों के साथ भी खेलना पड़ा, लेकिन मलेशिया इसका फायदा नहीं उठा सका। चौथे क्वार्टर में भारत ने अपनी बढ़त मजबूत की। 51वें मिनट में सुखविंदर ने शानदार मूव को गोल में बदलकर स्कोर 2-0 कर दिया। इसके दो मिनट बाद लाकड़ा ने पेनल्टी स्ट्रोक रोककर मलेशिया को वापसी का मौका नहीं दिया। 54वें मिनट में भारत को पेनल्टी कॉर्नर मिला। मलेशिया ने वीडियो रेफरल लिया, लेकिन रेफरल गंवा दिया और पेनल्टी कॉर्नर बरकरार रहा। अनमोल ने एक बार फिर शानदार ड्रैग फ्लिक लगाकर भारत की बढ़त 3-0 कर दी।

अंतिम मिनटों में मलेशिया ने लगातार पेनल्टी कॉर्नर हासिल किए, लेकिन लाकड़ा और भारतीय डिफेंस ने मजबूती से मुकाबला किया। 58वें मिनट में लाकड़ा ने एक और शानदार डाइव लगाकर गोल बचाया। हालांकि, मैच खत्म होने से 24 सेकंड पहले मलेशिया को आठवां पेनल्टी कॉर्नर मिला और एम राहुल ने गोल कर स्कोर 1-3 कर दिया। इसके बाद भारत ने कोई गलती नहीं की और फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली। चार बार की लगातार चैंपियन बनने की कोशिश कर रही भारतीय टीम का फाइनल में सामना पाकिस्तान और दक्षिण कोरिया के बीच होने वाले दूसरे सेमीफाइनल के विजेता से होगा। भारत अब तक छह बार एएचएफ जूनियर एशिया कप का खिताब जीत चुका है।

बीसीसीआई ने सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में हेड-स्पोर्ट्स साइंस एंड मेडिसिन पद के लिए मांगे आवेदन

नई दिल्ली, 11 सितंबर। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने शुक्रवार को बेंगलुरु स्थित सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में हेड-स्पोर्ट्स साइंस एंड मेडिसिन पद के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। इस पद पर चयनित उम्मीदवार बीसीसीआई की एलीट क्रिकेट और सेंटर ऑफ एक्सीलेंस से जुड़ी खेल विज्ञान एवं चिकित्सा सेवाओं को रणनीतिक और परिचालन नेतृत्व प्रदान करेगा।

इस पद की जिम्मेदारी में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के हेड ऑफ फिजियोथेरेपी, भारतीय टीम के हेड ऑफ फिजियोथेरेपी, हेड स्ट्रेंथ एंड कंडीशनिंग तथा भारतीय टीम की स्ट्रेंथ एंड कंडीशनिंग टीम का नेतृत्व करना भी शामिल होगा। चयनित उम्मीदवार राष्ट्रीय और सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के प्रशिक्षकों, क्रिकेट शिक्षा विभाग तथा अन्य प्रदर्शन विशेषज्ञों के साथ मिलकर भारतीय खिलाड़ियों के लिए एकीकृत सहायता कार्यक्रम तैयार करेगा।

बीसीसीआई के अनुसार, इस पद पर खिलाड़ी कल्याण, चोट की रोकथाम और पुनर्वास, शारीरिक विकास, शोध, नवाचार तथा प्रासंगिक तकनीक और सेवाओं को अपनाने पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।

हेड-स्पोर्ट्स साइंस एंड मेडिसिन की प्रमुख जिम्मेदारियों में खेल विज्ञान एवं चिकित्सा विभाग के लिए रणनीतिक दृष्टिकोण और ढांचा तैयार करना, चिकित्सा एवं क्लिनिकल व्यवस्था की निगरानी, सेवा वितरण, जोखिम प्रबंधन और खिलाड़ी कल्याण सुनिश्चित करना शामिल है। इसके अलावा चोट की रोकथाम, खिलाड़ियों की रिकवरी और पुनर्वास, बीमारी एवं स्वास्थ्य प्रबंधन तथा दीर्घकालिक शारीरिक विकास से जुड़े कार्यक्रमों की निगरानी करनी होगी।

उम्मीदवार को प्रदर्शन के मानकों, गुणवत्ता प्रबंधन, शोध और नवाचार को बढ़ावा देना होगा। इसमें विभाग की शोध इकाई विकसित करना और प्रमुख खेल एवं चिकित्सा संस्थानों के साथ साझेदारी करना भी शामिल है। विभाग की योजना, बजट, प्रदर्शन प्रबंधन और पेशेवर विकास की जिम्मेदारी भी चयनित उम्मीदवार की होगी।

योग्यता और अनुभव

आवेदक के पास स्पोर्ट्स साइंस या इससे संबंधित विषय में मास्टर डिग्री होनी चाहिए, जबकि डॉक्टरेट की डिग्री को प्राथमिकता दी जाएगी। उम्मीदवार के पास बहु-विषयक प्रदर्शन टीमों के प्रबंधन और रणनीतिक नेतृत्व की भूमिका में कम से कम पांच वर्ष का अनुभव होना चाहिए। उम्मीदवार को पेशेवर या ओलंपिक खेलों में उच्च प्रदर्शन वाली टीमों के लिए स्पोर्ट्स साइंस या मेडिसिन से संबंधित रणनीतिक योजनाएं तैयार करने और उन्हें लागू करने का व्यापक अनुभव होना चाहिए। संबंधित खेल विज्ञान या चिकित्सा क्षेत्र में वर्तमान पेशेवर मान्यता या लाइसेंस भी आवश्यक है।

प्रदर्शन आधारित शोध, खिलाड़ियों के दीर्घकालिक शारीरिक विकास तथा क्षेत्रीय प्रदर्शन और खेल संस्थानों के साथ काम करने का अनुभव वांछनीय माना गया है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी या मेडिकल निदेशक के रूप में पूर्व अनुभव, स्पोर्ट्स एंड एक्सरसाइज मेडिसिन में विशेषज्ञ मान्यता तथा मेडिकल और क्लिनिकल गवर्नेंस का अनुभव अतिरिक्त योग्यता के रूप में माना जाएगा।

इस पद के लिए एक रिक्ति है और आयु सीमा 60 वर्ष से कम रखी गई है। चयनित उम्मीदवार को बेंगलुरु स्थित बीसीसीआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में कार्य करना होगा और वह हेड ऑफ क्रिकेट-सेंटर ऑफ एक्सीलेंस को रिपोर्ट करेगा। इच्छुक उम्मीदवार 30 सितंबर को शाम 5 बजे तक अपना आवेदन जमा कर सकते हैं। आवेदन प्रक्रिया और विस्तृत जॉब डिस्क्रिप्शन बीसीसीआई द्वारा जारी आधिकारिक सूचना में उपलब्ध हैं।

प्रखर असावा चेन्नई ओपन नेशनल गोल्फ चैम्पियनशिप में 14वें स्थान पर

नई दिल्ली, 11 सितम्बर। प्रखर असावा चेन्नई ओपन नेशनल गोल्फ चैंपियनशिप में 14वें स्थान पर रहे। कोलकाता के विराज मडप्पा ने खिताब जीता, चंडीगढ़ के अजीतेश संधू दूसरे स्थान पर रहे। राज्य के नंबर एक गोल्फर प्रखर असावा ने चेन्नई ओपन नेशनल गोल्फ चैंपियनशिप के आखिरी दिन गोल्फ कोर्स में बहुत मुश्किल हालात में एक बार फिर शानदार गोल्फिंग काबिलियत दिखाई और 2 अंडर स्कोर के साथ लौटे। उन्होंने होल नंबर 2, 3, 8, 17 और 18 पर बर्डी लगाई, और 1, 5 और 11 होल पर बोगी किया और 11 अंडर पार के कुल स्कोर के साथ 14वें स्थान पर रहे। कई इंटरनेशनल खिलाड़ी स्टीफन दानेक, एन तंगराजा, तनापत पिचाईकूल, कोई चिरो इशिका वगैरह भी मुकाबले में थे।

लेफ्टिनेंट कर्नल यतिंदर की शानदार हैट्रिक

जयपुर, 11 सितंबर। जयपुर राइडिंग एंड पोलो क्लब में गोल्डन पीकॉक ट्रॉफी का दूसरा मैच बेहद रोमांचक रहा, जिसमें मॉनसून पोलो के जोश भरे माहौल में टीम कृष्णा और टीम नेवी स्टैलियंस के बीच कड़ा मुकाबला हुआ। तीसरे चक्कर तक खेल में कांटे की टक्कर रही; मेजर एआरएस वारेच और अश्विनी ने शानदार तालमेल दिखाते हुए कृष्णा को शुरुआती बढ़त दिलाई। हालांकि, चौथे चक्कर में बाजी पलट गई जब लेफ्टिनेंट कर्नल यतिंदर ने शानदार हैट्रिक लगाई और नेवी स्टैलियंस को जीत दिलाई। कैप्टन एपी सिंह ने बेहतरीन डिफेंस किया और रवींद्र व यतिंदर को सटीक पास दिए, जिससे टीम की लय बनी रही। कृष्णा की शुरुआती बढ़त के बावजूद, वे नेवी के जोरदार हमले को रोक नहीं पाए और स्टैलियंस ने जीत हासिल की। इस जीत ने उनकी हिम्मत, टीम वर्क और मॉनसून पोलो की रोमांचक अनिश्चितता को बखूबी दिखाया।

नाइट पोलो में आज होगा आरपीसी कप का फाइनल : टीम जयपुर और ऑल स्टार्स आमने-सामने

जयपुर, 11 सितंबर। जयपुर पोलो सीजन सितंबर 2026 के अंतर्गत शनिवार को आरपीसी कप- (4 गोल्स) टूर्नामेंट का फाइनल खेला जाएगा। नाइट पोलो के तहत राजस्थान पोलो क्लब ग्राउंड पर रात 7.30 बजे टीम जयपुर और टीम ऑल स्टार्स के बीच खिताबी मुकाबला होगा। जयपुर में नाइट पोलो को लेकर दर्शकों में खासा उत्साह और रोमांच देखने को मिल रहा है। दर्शकों के लिए खास बात यह है कि राजस्थान पोलो क्लब ग्राउंड पर पोलो मुकाबले देखने के लिए प्रवेश पूरी तरह नि:शुल्क है। फाइनल में टीम जयपुर की ओर से हिज हाइनेस महाराजा सवाई पद्मनाभ सिंह, कुलदीप सिंह राठौड़, अक्षय मलिक और रुशिल नरूला मैदान में उतरेंगे। वहीं, टीम ऑल स्टार्स में जुआन जोस अल्बर्डी, अशोक चांदना, डॉ. शिवांगी सिंह और डीनो धनखड़ शामिल हैं।

राज्य स्तरीय अंडर-19 डूंगरपुर ट्रॉफी सेमीफाइनल मैच में जयपुर-सीकर फाइनल में

जयपुर, 11 सितम्बर। राजस्थान क्रिकेट संघ के तत्वाधान में जयपुर में खेली जा रही राज्य स्तरीय अंडर 19 डूंगरपुर ट्रॉफी के आज खेले गए सेमीफाइनल मैचों का परिणाम :- अभय शर्मा व समीर गौरांग का शतक, दर्शन पचार, शिफॉन खान, विकास कुमार के अर्धशतक। प्रखर शर्मा, देवेंद्र कुमार, आर्यन चौधरी, शुभम चौधरी, लखन गुर्जर के शानदार गेंदबाजी। जयपुर - अजमेर मैच (जयपुर जीती) अभय शर्मा का शानदार शतक, प्रखर की शानदार गेंदबाजीजयपुर पारी 327 /8 विकेट ।टीम के लिए अभय शर्मा 125, शिफॉन खान 66, गौरव सैनी 35, वंश शर्मा 32 व अलोक 31 रन। अजमेर के गेंदबाज शुभम चौधरी 62 /3, लखन गुर्जर 71 /3 व मिरानखान 61 /2, अजमेर पारी 257 आल आउट ।टीम के लिए समीर गौरांग 115, भव्य शर्मा 48 रन । जयपुर के गेंदबाज प्रखर शर्मा 55 /4, वंश शर्मा 29/2 विकेट। बाड़मेर - सीकर मैच (सीकर जीती), बाड़मेर पारी 187 आल आउट। टीम के लिए विकास कुमार 60, सुमित सैनी 36 रन। सीकर के गेंदबाज देवेंद्र कुमार 35 /3, आर्यन चौधरी 37 /3, हितेश शेखावत 12 /2 विकेट । सीकर पारी 188 /4, टीम के लिए दरशनपचार 70, अदनान नाबद 23 व देवांश नाबद23 रन।

यूएस ओपन : राइबाकिना ने गॉफ को हराया, सबालेंका से होगा खिताबी मुकाबला

न्यूयॉर्क, 11 सितंबर। कजाखस्तान की स्टार टेनिस खिलाड़ी एलेना राइबाकिना ने शुक्रवार को कड़े मुकाबले में घरेलू पसंदीदा कोको गॉफ को 3-6, 6-4, 6-4 से हराकर यूएस ओपन 2026 महिला एकल के फाइनल में प्रवेश कर लिया। अब खिताबी मुकाबले में उनका सामना गत चैंपियन आर्यना सबालेंका से होगा।

दूसरी वरीय राइबाकिना इस जीत के साथ यूएस ओपन के बाद दुनिया की नई नंबर एक खिलाड़ी बनना सुनिश्चित कर चुकी हैं। उन्होंने सबालेंका को पीछे छोड़ते हुए शीर्ष रैंकिंग हासिल की है। हालांकि, अपना तीसरा ग्रैंड स्लैम खिताब जीतने के लिए उन्हें फाइनल में सबालेंका की चुनौती से पार पाना होगा।

गॉफ ने मुकाबले की शुरुआत आक्रामक अंदाज में की और कजाख खिलाड़ी पर दबाव बनाए रखा। छठे गेम में उन्होंने राइबाकिना की सर्विस तोड़कर बढ़त हासिल कर ली और पहला सेट 6-3 से अपने नाम किया। दूसरे सेट में गॉफ का स्तर थोड़ा गिरा और उनकी कुछ गलतियों का राइबाकिना ने फायदा उठाया। राइबाकिना ने लगातार दबाव बनाते हुए सेट 6-4 से जीत लिया और मुकाबले को निर्णायक सेट में पहुंचा दिया।

सबालेंका लगातार चौथी बार फाइनल में पहुंची : न्यूयॉर्क में आर्यना सबालेंका का दबदबा लगातार कायम है। अमेरिका की जेसिका पेगुला को सीधे सेटों में हराकर बेलारूस की शीर्ष वरीय खिलाड़ी ने लगातार तीसरी बार अमेरिकी ओपन का खिताब जीतने की ओर एक और मजबूत कदम बढ़ा दिया है। सबालेंका ने गुरुवार रात खेले गए सेमीफाइनल में पेगुला को 7-5, 6-2 से हराया। इस जीत के साथ वह न्यूयॉर्क में लगातार 19 मुकाबले जीत चुकी हैं। मुकाबले की शुरुआत में दोनों खिलाड़ियों के बीच कड़ा संघर्ष देखने को मिला। पहले सेट के आठ गेम तक स्कोर बराबरी पर रहा और दोनों के बीच अधिकतर रैलियां भी छोटी रहीं। पेगुला ने सबालेंका के तेज और ताकतवर शॉट्स का अच्छी तरह सामना किया, जबकि बेलारूसी खिलाड़ी की आक्रामकता के साथ कुछ गलतियां भी हुईं। इससे पहला सेट काफी देर तक किसी भी तरफ जा सकता था।

जिला क्रिकेट संघ दौसा : अंडर-16 चैम्पियनशिप के लिए जिले की टीम घोषित

दौसा, 11 सितम्बर। जिला क्रिकेट संघ सचिव बृजकिशोर उपाध्याय ने बताया कि अंडर 16 प्रतियोगिता जो कि दिनांक 12 09 2026 से जयपुर में आयोजित की जाएगी उसके लिए जिले की टीम निम्न प्रकार है। ध्रुव कुमार जाटव कप्तान, गगन मीना, सचिन यादव, राहुल बैरवा, दक्ष शर्मा, क्याश देरवाल, प्रियांशु वैष्णव, विकास छावड़ी, हेमंत जाट, शोभित शर्मा, अरमान नकवाल, सुमित खरिया, गौरव चौधरी, हृदय शर्मा, कुशाल मीना, हार्दिक अवस्थी, आयुष शर्मा, गोविन्द पाराशर, हर्ष वर्धन डोई, युवराज दुगरिया। सचिव बृज किशोर उपाध्याय ने बताया कि जिले की टीम का चयन सीनियर चयन समिति द्वारा किया गया है। दौसा का पहला मैच कल 12 09 2026 को टोंक से 13 09 2026 भरतपुर से और 14 09 2026 को जालौर से होगा जिला क्रिकेट संघ चयन समिति द्वारा उन ही खिलाड़ियों को टीम में लिया गया है जो दौसा जिले का मूलनिवासी है। रतन चंद शर्मा एडवोकेट, शिवचरण शर्मा एडवोकेट, हीरा लाल सैन, शोभना गुर्जर, विनय जैन आदि द्वारा टीम को जीत की अग्रिम शुभकामनाएं दी।

कुलदीप यादव ने मचाया तहलका, टीम के लिए चटकाए 10 विकेट, दिलाई बड़ी जीत

नई दिल्ली, 11 सितम्बर। कुलदीप यादव की घातक स्पिन और जॉर्ज हिल की सटीक तेज़ गेंदबाज़ी के सामने ऐसेक्स की बल्लेबाज़ी पूरी तरह बिखर गई। दोनों गेंदबाज़ों के शानदार प्रदर्शन की बदौलत यॉर्कशायर ने हेडिंग्ले में मुक़ाबला सिर्फ़ तीन दिनों में समाप्त करते हुए पारी और 106 रन से बड़ी जीत दर्ज की। इस नतीजे ने यॉर्कशायर की डिवीजन वन में बने रहने की उम्मीदों को काफ़ी मज़बूत कर दिया है और अब उसका अगले सीज़न भी शीर्ष डिवीजन में खेलना लगभग तय माना जा रहा है। सीजन अपने निर्णायक मोड़ पर पहुंच चुका है और अब कोई असाधारण नतीजा ही यॉर्कशायर को अगले वर्ष डिवीजन वन में जगह बनाए रखने से रोक सकता है। टीम ने 12 मैचों में अपनी चौथी जीत दर्ज की और वह भी बेहद एकतरफ़ा अंदाज़ में।

कुलदीप यादव ने मचाया तहलका, झटके 10 विकेट - भारत के स्पिनर कुलदीप यादव इस जीत के सबसे बड़े नायक रहे। उन्होंने प्रथम श्रेणी क्रिकेट में अपने करियर का सर्वश्रेष्ठ मैच प्रदर्शन करते हुए कुल 10 विकेट हासिल किए। पहली पारी में उन्होंने चार विकेट लिए, जबकि दूसरी पारी में छह बल्लेबाज़ों को पवेलियन भेजकर ऐसेक्स की वापसी की सभी उम्मीदें ख़त्म कर दीं।

वियतनाम ओपन में तन्वी ने मालविक बंसोड़ को हराया, सेमीफाइनल में पहुंची

हो ची मिन्ह सिटी, 11 सितंबर। शीर्ष वरीय तन्वी शर्मा ने शुक्रवार को हमवतन सातवीं वरीय मालविका बंसोड़ को कड़े मुकाबले में हराकर वियतनाम ओपन सुपर 100 बैडमिंटन टूर्नामेंट के महिला एकल सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। विश्व की 27वें नंबर की तन्वी ने मालविका को 21-18, 15-21, 21-14 से शिकस्त दी। तीसरी वरीय ईशारानी बरुआ ने भी शानदार प्रदर्शन करते हुए क्वार्टर फाइनल में चीनी ताइपे की हुआंग चिंग पिंग को 21-15, 21-18 से हराकर अंतिम चार में जगह बनाई। मालविका ने पहले गेम में तेज शुरुआत की और तन्वी के खिलाफ 13-6 की आरामदायक बढ़त बना ली। इसके बाद तन्वी ने शानदार वापसी करते हुए अगले 13 में से 10 अंक हासिल किए और स्कोर 16-16 से बराबर कर दिया। दबाव के बीच संयम बनाए रखते हुए तन्वी ने पहला गेम 21-18 से अपने नाम किया। दूसरे गेम में दोनों खिलाड़ियों के बीच कड़ी टक्कर देखने को मिली और बढ़त लगातार बदलती रही।

राज्य तीरंदाजी प्रतियोगिता के दूसरे दिन जूनियर वर्ग के मुकाबले सम्पन्न

पदक विजेताओं का हुआ सम्मान, जूनियर राजस्थान टीम की भी घोषणा

श्रीगंगानगर, 11 सितंबर। राजस्थान तीरंदाजी संघ के तत्वावधान में श्रीगंगानगर में आयोजित जूनियर एवं सब-जूनियर छात्र-छात्रा राज्य तीरंदाजी प्रतियोगिता-2026 के दूसरे दिन आज जूनियर वर्ग के रोमांचक मुकाबले संपन्न हुए। प्रतियोगिता में प्रदेश के विभिन्न जिलों से पहुंचे युवा तीरंदाजों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पदकों के लिए जोरदार मुकाबला किया। दूसरे दिन के मुकाबलों के समापन के बाद पदक वितरण एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि युवा उद्योगपति लक्ष्मन सोनी ने सभी पदक विजेता खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि श्रीगंगानगर में इस स्तर की राज्य स्तरीय तीरंदाजी प्रतियोगिता का आयोजन होना क्षेत्र के लिए गौरव की बात है। इस प्रकार के बड़े टूर्नामेंट आयोजित होने से स्थानीय खिलाड़ियों को प्रदेशभर के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों के साथ प्रतिस्पर्धा करने और उनसे सीखने का अवसर मिलता है। इससे क्षेत्र की खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है। उन्होंने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए

कहा कि खेल केवल पदक जीतने का माध्यम नहीं है, बल्कि खेलों के माध्यम से अनुशासन, एकाग्रता, आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता का विकास होता है। उन्होंने सभी खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

पदक विजेताओं को मेडल पहनाकर किया सम्मानित

राज्य तीरंदाजी प्रतियोगिता के दूसरे दिन जूनियर वर्ग के विभिन्न वर्गों के मुकाबले संपन्न हुए। प्रतियोगिता में रिकर्व, कंपाउंड एवं इंडियन राउंड में बालक एवं बालिका वर्ग के खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। विजेता खिलाड़ियों को पदक पहनाकर सम्मानित किया गया। आधिकारिक परिणाम सूची के अनुसार जूनियर वर्ग की व्यक्तिगत तथा टीम स्पर्धाओं में खिलाड़ियों ने पदक हासिल किए।

रिकर्व जूनियर वर्ग

बालक वर्ग: स्वर्ण पदक - कृष्ण कुमार, बाड़मेर, रजत पदक - अथर्व शर्मा, जयपुर, कांस्य पदक - विवेक कुमावत, जयपुर।

बालिका वर्ग: स्वर्ण पदक - धृति शर्मा, जयपुर, रजत पदक - कल्पना रेगर, श्रीगंगानगर, कांस्य पदक - खुशबू जावा, डीपीएस।

कंपाउंड जूनियर वर्ग

बालक वर्ग: स्वर्ण पदक - वासु यादव, अलवर, रजत पदक - प्रबल प्रताप, श्रीगंगानगर, कांस्य पदक - आकाश खंडाल, बूंदी।

बालिका वर्ग: स्वर्ण पदक - यागिनी, हनुमानगढ़, रजत पदक - शिवानी, सीकर, कांस्य पदक - अरुणा, जोधपुर।

इंडियन राउंड जूनियर वर्ग

बालक वर्ग: स्वर्ण पदक - युवराज वर्मा, जयपुर, रजत पदक - राम कैलाश बिश्नोई, बीकानेर, कांस्य पदक - शोभित जांगिड़, सीएसटी।

बालिका वर्ग: स्वर्ण पदक - रेखा, श्रीगंगानगर, रजत पदक - मैथिली, श्रीगंगानगर, कांस्य पदक - सुहाना, श्रीगंगानगर।

आईएसएसओ शतरंज खेलों का अहमदाबाद में आगाज

प्रज्ञानानंद और हर्ष सांघवी ने युवा खिलाड़ियों का बढ़ाया उत्साह

अहमदाबाद, 11 सितंबर। अदाणी इंटरनेशनल स्कूल, अहमदाबाद में आईएसएसओ शतरंज खेलों का शुक्रवार को आगाज हुआ। दो दिवसीय प्रतियोगिता में देशभर के 102 इंटरनेशनल स्कूलों के 427 युवा खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं। प्रतियोगिता 11 और 12 सितंबर को आयोजित की जा रही है। प्रतियोगिता में अंडर-11, अंडर-14, अंडर-17 और अंडर-19 आयु वर्ग में लड़कों और लड़कियों के अलग-अलग मुकाबले हो रहे हैं। इन खेलों के जरिए विद्यार्थियों को देशभर के अपने हमउम्र खिलाड़ियों के साथ प्रतिस्पर्धा करने और राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिल रहा है। उद्घाटन के मौके पर भारतीय ग्रैंडमास्टर आर. प्रज्ञानानंद भी मौजूद रहे। उन्होंने युवा खिलाड़ियों से मुलाकात की और उन्हें आत्मविश्वास तथा उत्साह के साथ प्रतियोगिता में हिस्सा लेने के लिए प्रोत्साहित किया। प्रज्ञानानंद के साथ गुजरात के उपमुख्यमंत्री हर्ष सांघवी ने भी प्रतियोगिता में पहुंचकर खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया और युवा प्रतिभाओं को प्रतिस्पर्धी खेलों के बेहतर अवसर उपलब्ध कराने के महत्व पर जोर दिया।

खेल मंत्रालय ने आईओए को दी छूट, सोलह सदस्यीय कार्यकारी परिषद को मिली मंजूरी

नई दिल्ली, 11 सितंबर। भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) को विशेष छूट देते हुए खेल मंत्रालय ने उसे 16 सदस्यीय कार्यकारी परिषद जारी रखने की अनुमति दे दी है। अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) ने सिफारिश की थी कि परिषद के सदस्यों की संख्या में बदलाव नहीं किया जाए जबकि राष्ट्रीय खेल शासन अधिनियम के तहत इसे 15 सदस्यों तक सीमित करने का प्रावधान है। एक राजपत्र अधिसूचना में मंत्रालय ने कहा कि उसने राष्ट्रीय खेल शासन अधिनियम की धारा 37(2) के तहत यह छूट देने का फैसला किया है। इस प्रावधान के तहत खेल संस्थाओं को अपने अंतरराष्ट्रीय महासंघों के नियमों के अनुरूप बनाए रखने के लिए राष्ट्रीय कानूनों में आवश्यक छूट दी जा सकती है। फिलहाल आईओए की कार्यकारी परिषद में 16 सदस्य हैं जिनमें भारत में आईओसी के पदेन सदस्य भी शामिल हैं। उन्हें मतदान का अधिकार प्राप्त है। मंत्रालय ने कहा कि राष्ट्रीय खेल शासन अधिनियम में स्पष्ट किया गया है कि राष्ट्रीय खेल संस्थाओं को अपने कामकाज के संचालन में अंतरराष्ट्रीय चार्टर और नियमों का 'मुख्य रूप से पालन' करना होगा। मंत्रालय की अधिसूचना में कहा गया, "आईओए से मंत्रालय को एक पत्र प्राप्त हुआ है, जिसमें बताया गया है कि अधिनियम की आवश्यकताओं के अनुरूप संशोधित संविधान का मसौदा आईओसी को उसकी टिप्पणियों के लिए भेजा गया था।" इसमें कहा गया, "आईओसी ने विशेष रूप से सिफारिश की है कि कार्यकारी परिषद के सदस्यों की संख्या को यथावत रखा जाए और इसे भारत में आईओसी सदस्यों की संख्या से स्वतंत्र रखा जाए।" इसका मतलब यह होगा कि आईओसी सदस्य के अलावा कार्यकारी परिषद में 15 अन्य सदस्य होंगे। आईओए ने ओलंपिक चार्टर और आईओसी के नियमों का पालन करने के लिए छूट मांगी थी, साथ ही अधिनियम के शासन संबंधी सिद्धांतों और अन्य आवश्यकताओं का पालन जारी रखने की बात कही थी। आईओए के इस साल के अंत में चुनाव होने हैं।

महेंद्र सिंह धोनी की सलाह : झारखंड क्रिकेट का नया दौर, दलीप ट्रॉफी जीत से बढ़ी उम्मीदें

नई दिल्ली, 11 सितंबर। घरेलू क्रिकेट से काफी पहले दूरी बना चुके धोनी अब भी रांची में युवा खिलाड़ियों के बीच नजर आते हैं और अपने अनुभव से उन्हें खेल की बारीकियां समझाते हैं। पूर्वी क्षेत्र की दलीप ट्रॉफी जीत ने झारखंड के उभरते क्रिकेट ढांचे की ताकत को भी सामने ला दिया है। झारखंड क्रिकेट के लिए पूर्वी क्षेत्र की दलीप ट्रॉफी जीत सिर्फ एक खिताब नहीं है, बल्कि राज्य से निकल रही नई क्रिकेट प्रतिभाओं की बढ़ती ताकत का संकेत भी है। पूर्वी क्षेत्र ने गुरुवार को 2012 के बाद पहली बार दलीप ट्रॉफी अपने नाम की। इस सफलता में झारखंड के कई युवा खिलाड़ियों ने अहम भूमिका निभाई और उनके प्रदर्शन के पीछे महेंद्र सिंह धोनी की सलाह और अनुभव भी चर्चा में आया है। गौरतलब है कि झारखंड क्रिकेट से जुड़े लोगों के मुताबिक धोनी अब भी राज्य की क्रिकेट व्यवस्था पर करीबी नजर रखते हैं। झारखंड राज्य क्रिकेट संघ के सचिव और पूर्व भारतीय खिलाड़ी सौरभ तिवारी ने बताया कि जब भी धोनी रांची में होते हैं और उनके पास समय होता है, वह खुद क्रिकेट मैदान पहुंचते हैं। ट्रेनिंग कैंप के दौरान वह युवा और अनुभवी खिलाड़ियों से बातचीत करते हैं और उन्हें अपनी बातें समझाते हैं।

श्रीलंका ने 33 पर गंवाए चार विकेट, पाक ने बनाए 130 रन

नई दिल्ली, 11 सितम्बर। महिला एशिया कप टी-20 में श्रीलंका का सामना पाकिस्तान से जारी है। यह मुकाबला दुबई में खेला जा रहा है। श्रीलंका की कप्तान चमारी अटापट्टू ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया। पाकिस्तान की कमान फातिमा सना संभाल रही हैं।पहले बल्लेबाजी करते हुए पाकिस्तान ने श्रीलंका के सामने 131 रन का लक्ष्य रखा है। टीम ने 20 ओवर में पांच विकेट गंवाकर 130 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करते हुए श्रीलंका ने सात ओवर में चार विकेट गंवाकर 35 रन बना लिए हैं। फिलहाल कविशा दिलहारी और हर्षिता समरविक्रमा क्रीज पर हैं। फातिमा सना ने कप्तानी पारी खेलते हुए 36 गेंद में चार चौके और दो छक्कों की मदद से 47 रन जड़े। वहीं, तुबा हसन 12 रन बनाकर नाबाद रहीं।